आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 01.08.2025     समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वाराणसी से देश के 9 करोड़ 70 लाख किसानों को पीएम सम्मान निधि के तहत 20 हजार 500 करोड़ रूपये की राशि हस्तान्तरित करेगें
- नये उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को होगा– निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कीं
- राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इस बार जोधपुर में आयोजित किया जाएगां
- प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश के दौर से कल से राहत की संभावनां

0000

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त कल जारी की जाएगीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में होने वाले कार्यक्रम में ये किस्त जारी करेगें इसमें देशभर के 9 करोड़ 70 लाख किसानों को 20 हजार 500 करोड़ रूपये की राशि उनके बैंक खातों में हस्तान्तरित की जाएगीं इसके साथ ही इस योजना के तहत कुल वितरण 3 लाख 90 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगां केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ज्यादा से ज्यादा किसानों से इस कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान किया हैं

.................

इधर प्रदेश के 75 लाख किसानों को 1600 करोड़ से अधिक की राशि की ये सौगात मिलेगीं इसके लिये मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बांसवाड़ा में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करेगें सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने आज समारोह स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लियां उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं

..........................

पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर जोधपुर में होने वाले कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शामिल होगें उधर केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी अजमेर में होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगें

000

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी हैं ये चुनाव 9 सितंबर को होगां इसके लिए चुनाव आयोग 7 अगस्त को अधिसूचना जारी करेगां इच्छुक उम्मीदवार 21 अगस्त तक नामांकन दाखिल कर सकेंगें 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगीं 25 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकेगें 9 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगां इस चुनाव में राज्यसभा और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य हिस्सा लेगें

000

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई ने आज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस–यूपीआई के नए नियम लागू कर दिए हैं नए नियमों के तहत हर लेनदेन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम प्रेषक को दिखाया जाएगां

इसके अलावा यूपीआई एप उपयोगकर्ताओं को दिन में 50 बार अपने बैंक खाते में जमा राशि देखने की सुविधा मिलेगीं

000

प्रदेश में जर्जर स्कूल भवनों और आंगनबाड़ी केन्द्रों की पहचान के लिए सुरक्षा सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा हैं इसके तहत इनके भवनों की सुरक्षा ऑडिट की जा रही हैं इस व्यापक सर्वे के तहत भीलवाड़ा जिले के लगभग 2900 विद्यालयों का मूल्यांकन करवाया गया, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जर्जर स्थिति में पाये गये कमरों को सील कर दिया गया हैं

................

प्रदेश में श्रीअन्न यानि मोटा अनाज सदियों से खाद्य संस्कृति का अभिन्न अंग रहा हैं आम लोगों को श्रीअन्न आसानी से उपलब्ध हो और इनका प्रचलन बढ़े इसी सोच के साथ राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के बजट में मिलेट आउटलेट्स खोले जाने की घोषणा की थीं अब तक 74 आउट लेट्स खोले जा चुके हैं

................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्बोधन के लिए देशवासियों से विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान किया हैं एक्स पर अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से अपने सम्बोधन के लिए भारतीयों के विचार सुनने के लिए उत्सुक हूँ ये सुझाव माय जीओवी ओपन फोरम और नमो एप पर दिये जा सकते हैं इधर राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इस बार जोधपुर में मनाया जाएगां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मौजूदगी में ये आयोजन बरकतुल्ला खां स्टेडियम पर होगां इसमें मारवाड़ की आत्मीयता, सांस्कृतिक विरासत और लोक परम्पराओं की जीवंत झलक देखने को मिलेगीं संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में समारोह स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लियां संसदीय कार्यमंत्री ने जोधपुर में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में भी हिस्सा लियां इस दौरान उन्होंने कहा कि पश्चिम जोन में शेरगढ ने पहला स्थान प्राप्त कर राजस्थान का मान बढाया हैं

000

विश्व स्तनपान सप्ताह आज से शुरू हुआं ये सप्ताह हर साल अगस्त के पहले सप्ताह में मनाया जाता हैं शिशुओं को कुपोषण से बचाने और उनके बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास के लिए ये सप्ताह प्रभावी जागरूकता का तरीका हैं प्रदेश में भी इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग में प्रजनन और  बाल स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ. मधु रतेश्वर ने बताया कि माँ का दूध बच्चों के लिए अमृत समान होता हैं ब्रेस्ट फीडिंग को बढावा देने और इस बारे में जागरूकता के लिए विशेष परामर्श सत्र आयोजित किये जायेगें

...................

डूंगरपुर में आज रोजगार मेले का आयोजन किया गयां इसमें राजस्थान सहित गुजरात और मध्यप्रदेश की 25 से ज्यादा कम्पनियों ने 8 हजार पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन कियां जिला कलेक्टर अंकित कुमार

सिंह ने बताया कि युवाओं में रोजगार मेले के प्रति खासा रूझान देखा गया और कम्पनियों की ओर से चयनितों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिये गयें

000

राष्ट्रीय सांख्यकी कार्यालय–एनएसओ इस वर्ष अपनी स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहा हैं इस उपलक्ष्य में सालभर विभिन्न जनजागरूकता और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इसी कड़ी में आज अजमेर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गयां इस शिविर में 75 युनिट रक्त एकत्र किया गयां

0000

राज्य के अधिकतर हिस्सों में कल से भारी बरसात से राहत मिलने की संभावना हैं हालांकि 3 अगस्त से एक नया परिसंचरण तंत्र सक्रिय होने के आसार हैं इससे 6 अगस्त तक भरतपुर और जयपुर संभाग में भारी बारिश का अनुमान हैं इस बीच श्रीगंगानगर में देर रात से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी जारी रहां सिरोही जिले में भी कई स्थानों पर रिमझिम बारिश हुईं बीते चौबीस घंटों में अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुईं कहीं–कहीं भारी बारिश भी दर्ज की गईं हमारे संवाददाता ने बताया कि राजगढ़, रतनगढ़ सुजानगढ और सादुलपुर में तेज बरसात हुईं

....................

उधर धौलपुर में पार्वती नदी एक बार फिर उफान पर हैं गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज भारी बारिश से प्रभावित धौलपुर का दौरा कियां उन्होंने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को इन्हें हर संभव सहायता मुहैया कराने के निर्देश दियें

000

सावन के पवित्र महीने में प्रदेशभर में कांवड़ यात्राओं का सिलसिला जारी हैं अजमेर में दिव्यांग बच्चों की ओर से कांवड़ यात्रा निकाली गईं ये यात्रा कोटडा शिव मन्दिर पर अभिषेक और प्रसादी के साथ सम्पन्न हुईं

000